# डमरूवाला | By Ram Kumar Lakha |

डम डम डम डमरूवाला
शिव मेरा भोला भाला
गौरा है संग विराजे
गोदी में गणपति लाला
शिव सा ना दानी कोई
शिव सा ना ज्ञानी कोई
शिव जी के दर पे आ जा
होके मतवाला

ओ बम बम भोले, बम बम भोले
करते जो डर आए तेरे
दर से मेरे भोले बाबा

रोता रोता जो भी आए
हँसता हँसता जाए तेरे
दर से मेरे भोले बाबा

तेरी पूजा करे
ध्यान तेरा धरे
शिव शंभू है बन जाता
उसका रखवाला

डम डम डम डमरूवाला
शिव मेरा भोला भाला
गौरा है संग विराजे
गोदी में गणपति लाला
शिव सा ना दानी कोई
शिव सा ना ज्ञानी कोई
शिव जी के दर पे आ जा
होके मतवाला

हो विषधारी, हो त्रिपुरारी
तीनों लोक में गूंजे बाबा
जय जयकार तुम्हारी

हे गंगाधर, हे महेश्वर
हम हैं तेरे बच्चे भोले
रखना लाज हमारी

तेरी छाया तले
सारा जीवन चले
शिव के ही नाम के फेरे
सारा जग माला

डम डम डम डमरूवाला
शिव मेरा भोला भाला
गौरा है संग विराजे
गोदी में गणपति लाला

शिव सा ना दानी कोई
शिव सा ना ज्ञानी कोई
शिव जी के दर पे आ जा
होके मतवाला

हो मोह माया को छोड़ के सारी
तेरा नाम जगत में बाबा
तू उसका हो जाता

नीलकंठधारी भोले की
बरसे जिसपे माया
उसको दुख न कोई भी सताता

शिव की जय जय करे
भोले संकट हरे
शिव की भक्ति का पी ले
तू अमृत प्याला

डम डम डम डमरूवाला
शिव मेरा भोला भाला
गौरा है संग विराजे
गोदी में गणपति लाला
शिव सा ना दानी कोई
शिव सा ना ज्ञानी कोई
शिव जी के दर पे आ जा
होके मतवाला

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a1%e0%a4%ae%e0%a4%b0%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-ram-kumar-lakha/